राज्यपाल द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की डॉक्यूमेंट्री ‘प्रदीप्ति’ लोकार्पित

चर्चा में क्यों?

9 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार कराई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म ‘प्रदीप्ति’ का राजभवन में लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को जागरूक कर परीक्षा के भय को कम करने का प्रयास सराहनीय है। आयोग द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री इस दिशा में अभिनव और अनुकरणीय पहल है।
- राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोग द्वारा तैयार वृत्तचित्र अभ्यर्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त करेगा। अभ्यर्थियों की जागरूकता बढ़ने से आयोग की कार्य-प्रणाली और अधिक पारदर्शी होगी।
- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लाल मेहरा ने बताया कि डाक्यूमेंट्री ‘प्रदीप्ति’ में आयोग की विभिन्न परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को जागरूक करने के लिये परीक्षा संबंधी नियमों एवं निर्देशों की जानकारी दी गई है।
- विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में प्राय: यह देखने में आता रहा है कि अनेक परीक्षार्थी कुछ न कुछ गलतियाँ करते रहते हैं और उन्हें सुधारने के लिये पत्राचार करते हैं। उन्हें आयोग की कार्य-प्रणाली का भी समुचित ज्ञान नहीं होता। पूर्णत: परीक्षार्थी केंद्रित यह डॉक्यूमेंट्री इस दिशा में उनकी सहयोगी होगी।
- डॉक्यूमेंट्री का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षार्थियों को परीक्षा संबंधी विभिन्न जानकारियाँ देकर प्रशिक्षित करना है। डॉक्यूमेंट्री में अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा पूर्व किये जाने वाले कार्यों, परीक्षा के दौरान की सावधानियों, साक्षात्कार संबंधी सूचनाओं और साक्षात्कार के बाद उपयोगी जानकारियों को विस्तार से बताया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mppsc-s-documentary-pradipti-released-by-governor